आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की।
2. सांसद बिष्णु पद रे ने केंद्रीय मंत्री से राष्ट्रीय राजमार्ग और बाराटांग पुल के निर्माण कार्य में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।
3. दूरदर्शन और आकाशवाणी श्री विजयपुरम की ओर से आज हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन किया जाएगा।
4. अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के सभी 9 ब्लॉकों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने उपराज्यपाल के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद कल नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उपराज्यपाल ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

<><><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मध्योत्तर अंडमान में कदमतला से डिगलीपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग की जर्जर स्थिति और बाराटांग क्रीक पुल के धीमे निर्माण कार्य में तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। केंद्रीय मंत्री को लिखे अपने पत्र में

सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग में बड़े–बड़े गड्ढों और क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण यात्रा करना असुरक्षित हो गया है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम से तुरंत उचित रखरखाव कार्य शुरू करने और पूरे मार्ग को सुरक्षित व आवाजाही के योग्य बनाए रखने का आग्रह किया। सांसद ने

श्री गडकरी से जमीनी स्थिति का आकलन, जारी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने तथा निगम के वरिष्ठ अधिकारियों और संबंधित ठेकेदारों के साथ एक आपातकालीन समीक्षा बैठक बुलाने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

पेयजल और स्वच्छता विभाग ने कल राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ पहली राष्ट्रीय ऑनलाइन बैठक की। बैठक का उद्देश्य जल जीवन मिशन के दूसरे चरण के तहत ग्रामीण पेयजल व्यवस्था के संचालन और रखरखाव के लिए कुशल कार्यबल तैयार करना था। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार, बैठक में नल जल मित्र कार्यक्रम शुरू करने पर चर्चा हुई। इसके तहत गांव स्तर पर तकनीशियनों को जल आपूर्ति व्यवस्था के संचालन और रखरखाव का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में पांच सौ दस घंटे का अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और पहले से प्राप्त कौशल की मान्यता के लिए 120 घंटे का प्रशिक्षण शामिल है। बैठक में सुजलाम शक्ति पहल पर भी चर्चा हुई। इसके तहत करीब एक लाख 35 हजार से एक लाख 70 हजार महिलाओं को पेयजल की गुणवत्ता जांच और प्राथमिक स्तर पर जल शुद्धिकरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के तहत शिक्षकों के लिए पांच–दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 9 शैक्षिक अंचल से लगभग 125 शिक्षक भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य NCF-SE 2023 के अनुरूप मध्य चरण में व्यावसायिक शिक्षा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उनकी पेशेवर क्षमता को मजबूत करना और यात्रा एवं पर्यटन, कृषि, ब्यूटी एंड वेलनेस में डोमेन–विशिष्ट कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक पालीवाल ने व्यावसायिक

शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली और 'पंचकोश' दृष्टिकोण को एकीकृत करने के महत्व पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए, SCERT की प्राचार्य संगीता चंद ने द्वीप समूह में नौकरी की भूमिकाओं के अनुसार अधिक स्थानीय रूप से प्रासंगिक व्यावसायिक विषयों की पहचान करने और उन्हें शुरू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह कार्यक्रम 25 सितंबर तक चलेगा।

<><><><><><><>

हिंदी पखवाड़ा के हिस्से के रूप में, प्रशासन के राजभाषा विभाग के हिंदी टंकण प्रशिक्षण केंद्र में श्री विजयपुरम मुख्यालय क्षेत्र के सभी विद्यालयों की कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों के लिए 'विश्व मंच पर हिंदी की स्थिति और संभावनाएं' विषय पर एक आशुभाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता आज सुबह 10 बजे आरंभ होगी।

उधर, दूरदर्शन और आकाशवाणी श्री विजयपुरम की ओर से भी सुबह साढ़े दस बजे आकाशवाणी के सम्मेलन कक्ष में हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के सभी 9 ब्लॉकों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय तटीय स्वच्छता दिवस पहल के हिस्से के रूप में, हाल ही में तटीय सफाई गतिविधियों के लिए मंत्रालय द्वारा चिन्हित 110 समुद्र तटों में से चुने गए छह ग्रामीण तटों–रंगाचांग, राधानगर, लक्ष्मणपुर, कालापत्थर, बर्मानाला और एंडरसन द्वीप पर तटीय स्वच्छता अभियान चलाए गए। हरित पहल के तहत नव विकसित इको–फ्रेंडली पार्क में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की रजत जयंती समारोह के हिस्से के रूप में, रक्षा पत्नी कल्याण संघ ने INHS धन्वंतरि, बेस लॉजिस्टिक ऑफिस और स्टेशन हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के समन्वय से फरारगंज स्थित अभ्युदय परिसर में बहु–विशेषज्ञता चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का

उद्घाटन DWWA की अध्यक्षा चांद मैकार्थी ने किया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने लाभार्थियों की चिकित्सा जांच कर प्राथमिक चिकित्सा किट वितरित किया।

<><><><><><><>

प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण शाखा की ओर से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में कल 'सेवाओं में आरक्षण, वरिष्ठता, पदोन्नति, डीपीसी और आरटीआई सहित स्थापना नियम' विषय पर 5–दिवसीय परिभ्रामी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान के सहयोग से चलाया जा रहा है। प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण सचिव सतनाम सिंह ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए निरंतर क्षमता निर्माण तथा कुशल प्रशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम प्रशासन के समामेलित लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों के लिए तैयार किया गया है, जो 25 सितंबर तक जारी रहेगा।

<><><><><><><>

मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत अनुबंध के आधार पर डाटा एंट्री ऑपरेटर के एक पद पर नियुक्ति की जाएगी। कौशल परीक्षा में सफल शीर्ष 10 अभ्यर्थियों की सूची अंडमान निकोबार प्रशासन के ई–रिक्रूटमेंट पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><><>

ब्रिचगंज स्थित बैफल रेंज में कल भारतीय तटरक्षक बल द्वारा फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। सभी संबंधितों को अभ्यास के दौरान क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अंडमाना निकोबार द्वीपसमूह के उप–राज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा के कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित

किया है। इस खबर के अलावा अखबार ने स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाए जाने के समाचार को भी प्रमुखता से छापा है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उप–राज्यपाल द्वारा अंडमान निकोबार के पर्यावरण और मौसम की स्थिति पर चर्चा करने के समाचार को प्रमुखता दी है। **इंफो इंडिया** ने टीबी मुक्त भारत ऐप लॉन्च किए जाने के समाचार को, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने सांसद द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग और बाराटांग पुल के निर्माण के लिए केन्द्रीय मंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग किए जाने के समाचार को प्रमुखता से छापा है।

<><><><><><><>